डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ा कृष्ण पक्ष ,04-2083 | भोपाल,दिन शुक्रवार,दिनांक 03 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

विद्युत पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक हुई

भोपाल। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की जिला व प्रांतीय कार्यकारिणी की संयुक्त मासिक बैठक मंगलवार को गोविंदपुरा स्थित बाला मंदिर परिसर में हुई। बैठक में जून माह के जन्मदिन वाले सदस्यों, 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनर्स और नए सदस्यों का सम्मान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार दुबा ने कम्प्यूटरीकरण प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की तैयारी और कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस योजना की जानकारी दी। बैठक में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

कंप्यूटर ऑपरेटर की बैठक, ज्ञापन सौंपेंगे

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की बैठक शुक्रवार को दोपहर 1 बजे इंद्रा निकुंज नर्सरी, 74 बंगला में होगी। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे तुलसी नगर स्थित प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अशोक नाकेश ने कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

वक्फ़ . . 50 दिन पहलेका गई लिस्ट, अब एआईसीसी में अटकी

भोपाल। मध्य कांग्रेस बीते चार महीने से प्रवक्ता-विहीन है। 3 फरवरी को एआईसीसी के निर्देश पर नए में प्रवक्ताओं की सूची भेज दी गई थी। तय किया गया था कि टैलेंट हंट प्रोग्राम के जरिए जल्द इनकी नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद तीन महीने तक टैलेंट हंट की प्रक्रिया चली। करीब 50 दिन पहले हंटब्यू लेकर सूची भी तैयार कर ली गई। अब घोषणा अटकी हुई है। इस मामले में मप्र मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि टैलेंट हंट प्रोग्राम एआईसीसी के निर्देश पर हुआ। पूरी सूची भी वहीं से जारी गई है। अब वहीं से घोषणा होगी। लेकिन इस सूची को लेकर जो खबर सामने आई है, उसमें यह जानकारी है कि टैलेंट हंट में शामिल प्रवक्ताओं के लिए मप्र के बड़े नेताओं ने अपने-अपने लोगों के लिए जमकर अनुशंसा की है। ऐसे में एआईसीसी छोटी टीम बनाने की तैयारी में है।

विधायक बाबू जंडेल का वाट्सएप हैक, कमलनाथ के पीए से मांगे रुपए

रायपुर। रायपुर कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल का वाट्सएप हैक कर साइबर ठगों ने उनके नाम से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पीए, रायपुर एसडीएम गगन मीणा और कांग्रेस नेताओं सहित करीब 100 से अधिक लोगों को रुपए मांगने के फर्जी संदेश भेजे। कई लोगों ने रुपए भेजने से पहले विधायक से संपर्क किया, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो गया। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे साइबर ठगों ने विधायक जंडेल का वाट्सएप हैक कर लिया। साइबर पुलिस की जांच में पता चला है कि गुजरात के नंबर से यह हैकिंग की गई है।

55 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। शाहजहांनाबाद पुलिस ने जन संपर्क से मिली सूचना पर कार्रवाई कर एक तस्कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वजन में छिपाकर रखी गई 55 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई।

मुख्यमंत्री ने संभावित अल्प वर्षा की स्थिति से निपटने पूर्व तैयारियों की

कम पानी और कम अवधि वाली फसलें अपनाने के लिए किसानों को करें प्रेरित

उन्होंने कहा कि कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया

डीआर संवाददाता»» भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संभावित अल्प वर्षा की स्थिति को चुनौती नहीं, बल्कि बेहतर योजना, वैज्ञानिक खेती और समयबद्ध तैयारी के अवसर के रूप में लिया जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को समय पर आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं, जिससे प्रदेश में कृषि उत्पादन और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में इस वर्ष प्रदेश में संभावित अल्प वर्षा की स्थिति के मद्देनजर किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जल संसाधन, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य संबंधित विभागों की अब तक की पूर्व तैयारियों की समग्र समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को कम पानी और कम अवधि में तैयार होने वाली फसलों की खेती के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को जल्दबाजी में बुआई नहीं करनी चाहिए बल्कि मौसम की स्थिति को देखकर ही बुआई की जाए तथा नमी संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। साथ ही कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और उपयुक्त कृषि तकनीकों का अधिकतम खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद ही बुआई की जाए तथा नमी संरक्षण के उपाय अपनाए जाएं। साथ ही कम समय में अधिक उत्पादन देने वाली उन्नत किस्मों और उपयुक्त कृषि तकनीकों का अधिकतम

ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा कोदो-कुटकी जैसी मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों को अपनाएं

पूर्व चेतावनी के लिए बनाए जाएंगे राज्य स्तरीय जल डैशबोर्ड

जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में जल संकट आकस्मिक योजना बनाई जाए। आपदा की 6 (4) के तहत सभी वर्ष के लिए राजस्व, कृषि एवं पंचायत करते

ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तुअर तथा

गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुनर्जीवन अभियान के तहत सभी जिलाधिकारी के निकायों वाटर, चेक डैम, स्टॉप डैम एवं खेत-तालाब निर्माण का निर्माण गोड़ कार्यक्रम, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में सिद्धांत पर चलाया जाएगा। नहरों की सफाई पारम्परा रही जो पूरी गई, टैक-एंड तक पानी पहुंचाने की व्यवस्थाएं तय की जाएंगी। कम जल मांग वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन, मोटे अनाज को प्रोत्साहन दिया जाएगा। बीज बैंकों में जल जीवन मिशन की सामग्री समीक्षा, मेट, अधूरी टैंक-एंड तक पानी पहुंचाने की व्यवस्थाएं तय की जाएंगी। कम जल मांग वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन, मोटे अनाज को प्रोत्साहन दिया जाएगा। बीज बैंकों में जल जीवन मिशन की सामग्री समीक्षा, मेट, अधूरी टैंक-एंड तक पानी पहुंचाने की व्यवस्थाएं तय की जाएंगी। कम जल मांग वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन,

फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई, दो कोचिंग सेंटर सील

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नगर निगम का सख्त रुख

डीआर संवाददाता»» भोपाल

शहर में कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को फायर सेफ्टी संबंधी खामियां दूर नहीं करने पर एमपी नगर जोन-2 स्थित "यूनिक एकेडमी (लक्ष्मीकॉम्प्लेक्स)" और "दुर्रानी कोचिंग क्लासेस" को सील कर दिया गया। नियम में इन संस्थानों को पहले नोटिस देकर खामियां दूर करने का समय दिया था, लेकिन दोबारा निरीक्षण में यही खामियां मिलने पर कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर लापरवाहियां सामने आईं।

फायर हाइड्रेंट सिस्टम ऑन मोड पर नहीं था और जनरेटर से भी जुड़ा नहीं मिला। कई स्थानों पर अग्निशमन यंत्र एक्सपायर्ड पाए गए जबकि भवनों में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था नहीं थी। आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) का अभाव भी मिला। इसके अलावा फायर वॉटर टैंक में निर्धारित क्षमता से कम पानी पाया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता था। नगर निगम के अनुसार 25 से 29 जून के बीच 61 संस्थानों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अब तक केवल 9 संस्थानों ने ही जवाब प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को छह अन्य संस्थानों को दिए गए नोटिस की समय-सीमा भी समाप्त हो रही है, जिसके बाद इंदौरपुरी, लालघाटी सहित अन्य क्षेत्रों में भी सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

बतिया उपचुनाव की तारीखों का ऐलान 6 को अधिसूचना, 30 जुलाई को मतदान, 3 अगस्त को आएंगे नतीजे

कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण हो रहा

डीआर संवाददाता»» भोपाल

बतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है, जिसके तहत 30 जुलाई को वोट डाले जाएंगे और 3 अगस्त को मतगणना होगी। 4 अगस्त तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। यह उपचुनाव कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण हो रहा है। भूमि घोटाले के मामले में कोर्ट ने उन्हें 3 साल की सजा और जुर्माना सुनाया था। 2 वर्ष से अधिक की सजा होने के कारण निर्वाचन के तहत उनकी सदस्यता रद्द हो गई और यह सीट खाली हो गई थी।

चुनाव का शेड्यूल

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख: 10 जुलाई 2026

नामांकन पत्र की जांच: 14 जुलाई 2026

नाम वापसी की अंतिम तिथि: 16 जुलाई 2026

2023 में दिलचस्प मुकाबला था

साल 2023 में विधानसभा चुनाव में बतिया सीट पर बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला था। तब कांग्रेस के राजेंद्र भारती ने भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा को मात दी थी। कांग्रेस के राजेंद्र भारती को 85,877 वोट और भाजपा से नरोत्तम मिश्रा को 81,236 वोट मिले थे।

भाजपा ने जीत का किया दावा

कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए चुनाव आयोग के निर्णय का स्वागत किया, उन्होंने कहा दतिया में हुए चुनाव की घोषणा हो गई है वहां भाजपा जनता जनार्दन अपना प्रत्याशी उतारेगी और जीत भी दर्ज करेगी।

पुराने ससुराल वालों पर आरोप महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया, 3 गिरफ्तार

डीआर संवाददाता»» भोपाल

जिले के आरक्षक थाना क्षेत्र से मारपीट को शर्मसार करने वाली एक अमानवीय घटना सामने आई है। यहां अनेखा बेगा गांव में एक महिला को आनिमन कर पूरे गांव में घुमाया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं समेत 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी आनंद नायर के अनुसार पीड़िता की शादी पहले इसी गांव में हुई थी, लेकिन बाद में उसने गांव के ही अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली और इंदौर रहने लगी। 30 जून को जब महिला अपने नए ससुराल की जमीन में हिस्सेदारी की मांग को लेकर गांव पहुंची, तो उसके पुराने ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की, उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे अपमानित करने के लिए अर्धनग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया। पुलिस की कार्रवाई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मारपीट, महिला की गरिमा भंग करने और आपराधिक धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और नंगीकरा को देखते हुए फाइव 8 अन्य धाराएं दर्ज कर लिए गए हैं। तीन को गिरफ्तारी की

2 हथियार तस्कर गिरफ्तार, रिवाल्वर-पिस्टल बरामद

डीआर संवाददाता»» भोपाल

क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रोशल मार्केट क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर लालुल मस्जिद के सामने और पुलिस अस्पताल के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हथियार तालिब खान नामक व्यक्ति से खरीदे थे।

उनकी निशानदेही पर बेगमगंज थाना की पीपर के पास से एक रिवॉल्वर और दो आईपी मेस्ट हाउस के पीछे निर्माणाधीन इमारत से एक पिस्टल बरामद की गई पुलिस अयुक्त संजय कुमार और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला ने निर्देश पर अब तक 10 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

6 को बड़े तालाब में होगी बाढ़ प्रबंधन की मॉकड्रिल

भोपाल। मानसून के दौरान संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिला प्रशासन 6 जुलाई को बड़ा तालाब में मॉक ड्रिल करेगा। इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगर निगम और अन्य विभाग राहत-बचाव अभियान का अभ्यास करेंगे। प्रशासन ने डाइ संभावित क्षेत्रों में नाव, लाइफ जैकेट और राहत सामग्री पहले से उपलब्ध रखने, संवेदनशील स्थानों पर बचाव दल तैनात करने तथा मुख्य मार्गों पर यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की है। कलेक्टर के वलीद भारती को 85,877 वोट और भाजपा से नरोत्तम मिश्रा को 81,236 वोट मिले थे।

गुटखे के पैसे मांगने पर बुजुर्ग दुकानदार से मारपीट, घटना का वीडियो वायरल

डीआर संवाददाता»» छतरपुर

'डकैत तो सिर्फ कोतवाली थाना क्षेत्र में गुटखे के पैसे मांगना एक बुजुर्ग दुकानदार को महंगा पड़ गया। आधाताकाली और पंचे सिंडके के पास स्थित शराब ठेके के सामने दो लड़के में सुर युवकों ने बुजुर्ग के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी युवकों को बुजुर्ग के साथ अभद्रता और मारपीट करते देखा जा सकता है।पीड़ित दुकानदार के अनुसार दोनों युवक एलसी दुकान से गुटखा और अन्य सामान लेकर बिना पैसे दिए जाने लगे। जब उन्होंने सामान के पैसे मांगे तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आए और डंडे से हमला कर दिया। आरोप है कि उन्होंने बुजुर्ग को गाले से पकड़कर बाहर से टकराया और जमीन पर पटककर भी पीटा। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की भी कोशिश की।

मारपीट के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर बुजुर्ग को आरोपियों के चंगुल से बचाया। इसी दौरान किसी राहगीर ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़ित ने बताया कि पान मसाला और गुटखे का छोटा-सा ठेला ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की

मानसून में तेजी

आज कई जिलों में अति भारी से भारी बारिश का अलर्ट

भोपाल सहित 40 से ज्यादा शहरों में दोपहर बाद तेज बारिश

डीआर संवाददाता»» भोपाल

गुरुवार को मानसून ने तेज रफ्तार के साथ नौवत के सुप्त शिरों को छोड़कर शेष पूरा प्रदेश सराबोर कर लिया है। भोपाल सहित करीब 40 शहरों में सुबह से देर शाम तक तेज से मध्यम बारिश दर्ज हुई है। इसके दिन के पांचे में औसतन एक डिग्री तक गर्मी आई। तेज बारिश और आंधी के दौरान सतना में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। वहां एक गर्ल्स स्कूल परिसर में पेड़ गिरने से 2 बुजुर्गों घायल हो गई हैं, जिनका इलाज जारी है।

इस बीच, भोपाल में गुरुवार शाम 6 बजे तक आधा इंच बारिश हुई। इसके बावजूद सिर्फ 2 घंटे में तापमान – में 5 डिग्री गिर गया। दोपहर 3:00 – बजे पर पारा 31. 4 डिग्री पर था जो शाम 5:30 बजे 26.2 डिग्री पर आ गया। इसके बाद बीते 24 घंटे में प्रदेश के 16 शहर-कस्बों में भारी बारिश हुई।

सुबह से शाम तक यहां तेज बारिश

प्रदेश में मानसून कमर बनने के साथ ही दुन्द, आकोनगर, अलस-रतलाम, शाजापुर, देवास, रायसेन, सीहोर, भोपाल, विदिशा, राजगढ़, इछावर, अशोकनगर, सागर-रतलाम, उमरिया, शहडोल, खण्डवा, सीधी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला में सुप्त जारी तेज बारिश हुई। सिवनी, नरसिंहपुर, उमरिया, शहडोल, खण्डवा, सीधी, सिंगरौली, मुरैना, भिंड, दतिया, नाहिल्ल, छिंदवाड़ी, नौगांव, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, हर, इंदौर, बड़वानी में मध्य जारी तेज से मध्यम बारिश हुई। दमोह, सागर, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला में सुप्त जारी तेज बारिश हुई।

येलो अलर्ट: भोपाल, उज्जैन, विदिशा, रायसेन, सीहोर, उत्तरप्रदेश, नर्मदापुरम, इंदौर, खरगोन, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, मैहर, अनूपपुर, पातालकोट, सतना, उमरिया, छिंदवाड़ा, सिवनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर सहित अन्य जिले।

ऑरेंज अलर्ट: हरदा, खंडवा, खरगोन, देवास में **ऑरेंज अलर्ट**

रेड अलर्ट: हरदा, खंडवा। **ऑरेंज अलर्ट:** बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, जबुआ, देवास, रायपुर।

हरदा, बैतूल, निमाड़ी, दीनगंगा, छतरपुर, रत्न में दोपहर बाद से देर शाम के बीच बारिश दर्ज हुई है।

ये है पहली बारिश का रिकॉर्ड

पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा सिवनी जिले के केवलारी में 166 और मांद में 140 मिमी हुई। मुलताई में 112 मिमी रही। सिंगरौली 104, जैसीनगर 102.1, उज्जैन 101, सिकुआ 100, नेमुर 96.8, पिपलपुर 87, कोटवारी 83.8, पांढुर्ना 78.3, सोंद 72.5, पोरई 68, मंडला 65.6, कटनगर 65.1, कसरावद में 65 मिमी बारिश दर्ज हुई है। शेष प्रदेश के अधिकांश जिलों में औसतन 15 मिमी तक बारिश रही। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक अभी प्रदेश में मध्यम से तेज बारिश होगी। कुछ जिलों में अति भारी बारिश होगी।

जिलाबदर बदमाश करता रहा वारदात, कोहेफिजा टीआई पर 50 हजार जुर्माना

डीआर संवाददाता»» भोपाल

राजधानी में अपराधियों पर लगाम लगाने वाले पुलिस अधिकारियों पर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में कोहेफिजा टीआई कृष्ण गोपाल शुक्ला को काम में लापरवाही का दोषी मानते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

शुक्ला पर कुख्यात बदमाश यासीन मलिक को राह देने के आरोप भी हैं। बताया जाता है कि जिलाबदर होने के बावजूद यासीन मलिक शहर में मारपीट और वाहनों में लोटकोट करता रहा। इसकी सूचना देने पहुंचे एक मुखबिर को भी टीआई ने थाने से भगा दिया। बाद में मुखबिर ने सीधे पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। कमिश्नर की फटकार के बाद टीआई ने यासीन मलिक को जिलाबदर आदेश के उल्लंघन के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी प्रकरण में हवलदार रामभरत सुमन पर भी 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले नई में कोतवाल टीआई संजय सोनी पर भी अधिकारियों का फोन नहीं उठाने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

55 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

भोपाल। शाहजहांनाबाद पुलिस ने जन संपर्क से मिली सूचना पर कार्रवाई कर एक तस्कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से वजन में छिपाकर रखी गई 55 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई।

डिजीटल अखबार

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ा कृष्ण पक्ष ,04-2083 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 03 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन 31 तक करें

सीहोर। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें। जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी संस्था में पढ़ रहे सभी पात्र विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के आवेदन करवाएं।

श्री अन्न किसानों को एमएसपी के बोनस

सीहोर। सरकार श्री अन्न उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ बोनस भी दे रही है। प्रदेश में पहली बार शासकीय स्तर पर कोदो कुटकी खरीदने के लिए अभियान शुरू किया गया है। संवत 20 योजना के तहत प्रदेश के 16 हजार 754 से अधिक श्रमिक परिवारों को 365 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता राशि सिग्नल बिलक से अंतरित की गई।

मृत्यु पर 4 लाख, इलाज के लिए 5 लाख तक मिलेंगे

सीहोर। मंगल योजना में सरकार दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख रुपए की सहायता राशि देती है। सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए दिए जाते हैं। शारीरिक अपंगता आने पर 1 लाख रुपए की सहायता मिलती है। श्रमिक परिवारों को आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए एक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रहे सभी पात्र को आवास देने के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

दामिनी एप डाउनलोड करने की सलाह

सीहोर। आकस्मिक बिजली, तेज आंधी-तूफान और खराब मौसम से होने वाली जनहानि को रोकने के लिए शासन ने सभी विभागों को सतर्कता बरतने और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। आमजन से भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का दामिनी मोबाइल ऐप डाउनलोड कर मौसम संबंधी अलर्ट का पालन करने की अपील की गई है।

जिले के 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर। एनएचआरसी दिल्ली द्वारा जिले के आष्टा, श्यामपुर, रायपुर, सतपिपलिया, नांदखेड़ी और दाबलाखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित पाई गईं। सीएमएचओ डॉ रमेश कुमार देविया ने बताया कि जिले की सी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

अशोक माटी बने कांग्रेस सेवादल बुधनी विस क्षेत्र के अध्यक्ष

सीहोर। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नेत्रिका गन सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष अनिमेश मार्गव तथा जिला सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खांगरले की अनुशंसा पर ग्राम ओलपुर निवासी मौसेरा के अशोक माटी को कांग्रेस

हादसा

बिजली के खंभे से टकराकर पलटी बस, 25 यात्री घायल

दो महिलाओं की हालत गंभीरय खिड़कियां खोलकर ग्रामीणों ने निकाला, जावर-कजलास मार्ग पर हादसा

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

जावर-कजलास मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कजलास स्थित पाटीदार पेट्रोल पंप के पास सेल रफ्तार यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में "25 यात्री घायल हो गए", जिनमें "दो महिलाओं की हालत गंभीर" बताई जा रही है। टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली का खंभा टूट गया। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी फैल गई।

खिड़कियां खोलकर बाहर निकाले यात्री"

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद बस के भीतर कई यात्री फंस गए थे। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने बस की खिड़कियां और पायदानों को खोलकर एक-एक कर घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई।

दो महिलाओं को गंभीर चोट, आष्टा रेफर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के प्रभारी डॉ. अभिषेक कुशवाह" ने बताया कि हादसे में "सूरजबेला लिंगवारी बाजू पति अर्जुन सिंह (45)" और "उमिला पति कैलाशनाथ" को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल आष्टा रेफर किया गया। अन्य 23 घायलों का इलाज जावर अस्पताल में किया गया, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

पेट्रोल पंप के पास खोया नियंत्रण

जानकारी के अनुसार, बस नमरीदेवा-आष्टा मार्ग से होते हुए पीपलराया की ओर जा रही थी। कजलास स्थित पाटीदार पेट्रोल पंप और बिजली पोल के पास खराब अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। बस सीधे बिजली के खंभे से टकराई और सड़क किनारे पलट गई।

पिछले दिनों भी सामने आ चुके हैं दर्दनाक हादसे

सीहोर जिले में हाल के दिनों में लगातार सड़क हादसे सामने आए हैं। कुछ दिन पहले कुलरी क्षेत्र में तेज रफ्तार टेंपर ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया था, जिसमें मासूम बेटे और पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लगातार हो रहे हादसों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर निरंतर निगरानी, स्पीड ब्रेकर और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

हादसे के कारण कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा।

जांच शुरू, हादसे के बाद सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल

सूचना मिलते ही तहसीलदार ओमप्रकाश मीना, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाकर राहत कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय लोगों ने जावर-कजलास मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण, बेहतर सड़क सुरक्षा व्यवस्था और नियमित निगरानी की मांग उठाई।

बोवनी कराने पहुंची राजस्व-पुलिस टीम पर हमला, पटवारी समेत पांच घायल

डीआर संवाददाता ▶▶ श्यामपुर

जिले की श्यामपुर तहसील के ग्राम पीलूखेड़ी में किसान की भूमि पर बोवनी कराने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर कथित रूप से ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस घटना में एक पटवारी, महिला आरक्षक, किसान सहित पांच लोग घायल हो गए। मामले में अहमदपुर थाना पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, भोपाल निवासी अवधेश सेंगर की 3.238 हेक्टेयर कृषि भूमि बरे लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। भूमि पर सांविधिक बोवनी कराने के लिए श्यामपुर तहसीलदार ने पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। बुधवार को तहसीलदार श्याम नंदन बघेले, पटवारी सुमित मीना और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसी दौरान विश्राम मेवाड़ा, राजेंद्र मेवाड़ा, पर्वत मेवाड़ा, सीताबाई, कलावती और शिवा बाई सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

हमले में पटवारी सुमित मीना, महिला आरक्षक बेबाली, किसान अवधेश सेंगर, शुभम जाटव और बसंती बाई घायल हुए। पटवारी की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

एसपी सुनीता रावत ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय स्तर पर कार्रवाई को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

दलित वर्गों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष दिया गया धरना

दलितों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने दिया गया एक दिवसीय धरना

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

दलित वर्गों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना दलित कांग्रेस के नेता तथा जिलाध्यक्ष कांग्रेस रोशनलाल नरेन्द्र खांगरले द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष दिया गया। जिसमें प्रमुख समस्याएं इस प्रकार रही। सीहोर अला वार्ड क्र. 11 के निर्वाचित पार्षद लोकेन्द्र चौहान का मप्र. सरकार द्वारा लुप्तप्राय पिछड़ा वर्ग मानते हुए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बेलदार

निरस्त किया गया है। पार्षद पद से त्यागपत्र दिलाने एवं 420 सी का प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजने की मांग, अजाक्स थाना जिला सीहोर में दलित वर्ग के आवेदन नहीं लिये जाकर उन्हें भगा दिया जाता है। तथ्यों पर उपस्थित अधिकारी उनके आवेदन प्राप्त कर अजाक्स थाने की सील लगाकर प्राप्ति दी जावे। सीहोर के ग्राम फूल मोगरा अनुसूचित जाति वर्ग की पट्टे की कृषि भूमि पर अतिक्रमण कर्ता कुरैशी द्वारा बलात कब्जा किया गया है, पटवारी दल बगावर पुलिस अभिरक्षा में कृषि भूमि वापस दिलाई जावे। ग्राम कन्नौनिया में अल्ल के प्रमोद आहिरवार तथा उसकी पत्नि व पुत्री अन्य महिलाओं के साथ जातिगत अपमान वाली गालौच का प्रकरण अजाक्स थाने में या श्यामपुर थाने में दर्ज कर मौके समाज के प्रभावशाली पर कार्रवाही की जाकर पट्टे की भूमि मुक्त कराई जावे। ग्राम उदयपुरछावनी में जातिगत समाज अल्ल के महिलों पर अत्याचार को लेकर मूल हडताल प्रारम्भ पड़ा भारी कृषि भूमि पर कब्जा करने वाले प्रभावशालियों से भूमि वापस दिलाई जावर प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे।

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम झरखेड़ा में माँ की बगिया का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ▶▶ आरवेला

जिला पंचायत सीईओ सावेला यादव ने ग्राम झरखेड़ा में 'माँ की बगिया' का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधरोपण, पौधों के संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था एवं बगिया के समुचित रखरखाव की स्थिति देखी और रखरखाव करने वाली दीदियों से बगिया के बारे में जानकारी ली।

सीईओ श्रीमती यादव ने कहा कि 'माँ की बगिया' का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण महिलाओं को फलोद्यान व्यवसाय आजीविका से जोड़ना है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को माँ की बगिया से जोड़ा जाए और उन्हें इस योजना से लाभान्वित किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ बघेल,सरपंच रामबाबू पाटीदार, राम्मि पीपल पाठक, गुलाब अहिरवार उपस्थित रहे।

नारी शक्तियों ने योग शिक्षकों का किया सम्मान समारोह

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

नगर में नारी शक्तियों द्वारा आयोजित योग शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री सुरेश राठा जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ए के राय ने आदरणीय जलना राय ने में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी शीतू शर्मा

द्वारा की गई। मुख्य प्रस्तुति शिखरी यादव, सुनयना रजत बासिकाओं द्वारा की गई।

समारोह में लगभग 50 से अधिक गणमान्य महानुभावों एवं योग साधकों की उपस्थिति में योग शिक्षकों का । सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक छाया यादव ने योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक लाभ तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता ।

सीहोर में मठ-मंदिर की दान पेटी तोड़ने वाला चोर गिरफ्तार, सवा लाख रुपये बरामद

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

कोतवाली पुलिस ने मठ मंदिर की दान पेटी तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कवीब "1.25 लाख रुपये" बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने सीहोर और आष्टा के दो अन्य मंदिरों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, 30 जून को ब्रह्मपुर निवासी एवं मठ मानव समिति

के सदस्य सीताराम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मंदिर की दान पेटी का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर समिति के सदस्यों ने देखा कि पेटी का मुख्य गेट और दान पेटी का नकुचा तोड़कर अज्ञात बदमाश नकदी चुरा ले गया था। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा संदिग्धों की तलाश में सघन चेकिंग और सर्च अभियान चलाया। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी "राम उर्फ राजू पिता नान सिंह बारेला (20)" निवासी ग्राम बसंतपुर टांडी, थाना नैनवा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने मठ मंदिर के अलावा सीहोर के काली माता मंदिर और आष्टा के एक माता मंदिर में भी चोरी करना कबूल किया।

सबस्टेशन की क्षमता 90 से बढ़कर 140 एमवीए

श्यामपुर में तीसरे ट्रांसफार्मर से क्षमता बढ़ी, ओवरलोडिंग घटेगी

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

मध्यप्रदेश में बिजली की बढ़ती – मांग को देखते हुए पारेषण (ट्रांसमिशन) नेटवर्क लगातार – मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में एमपी ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी – ट्रांसको) ने 132 केवी श्यामपुर सबस्टेशन में 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। उसे चार्ज कर दिया गया है।

इसके साथ ही प्रदेश की कुल – ट्रांसफॉर्मेशन (पारेषण) क्षमता – बढ़कर 85,298 एमवीए हो गई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने –बताया कि नई क्षमता से बढ़ते लोड का बेहतर प्रबंधन होगा।भविष्य की मांग को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।श्यामपुर सबस्टेशन में यह तीसरा पावर ट्रांसफार्मर है। इसके चालू होने से सबस्टेशन की क्षमता 90 एमवीए से बढ़कर 140 एमवीए हो गई है। इससे सीहोर जिले के श्यामपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में पीक आवर्स के दौरान ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी। आपूर्ति भी विश्वसनीय बनेगी। प्रदेशभर में अभी 417 एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशनों (14-400 केवी, 66-220 केवी और 315-132 केवी) के जरिए बिजली का पारेषण कर रही है। इन पर 1,053 पावर ट्रांसफार्मर संचालित हैं।

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर, कलेक्टर

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

कलेक्टर "श्री बालागुरु के" ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, विद्यार्थियों के नामांकन और विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव" भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का स्थान होना चाहिए।

उन्होंने स्कूलों में नियमित चाक-चौबंद, पौधारोपण, परिसर के सौंदर्यीकरण और समयबद्ध शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग, डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बैठक में बताया गया कि जिले में कक्षा 1 से 12 तक छात्र-प्रतिशत नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, आधार प्रमाणीकरण, अपार आईडी निर्माण, यू-खड़सा प्लस पोर्टल पर ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान, निःशुल्क साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, ई-उपस्थिति और विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र विद्यार्थी नामांकन से वंचित न रहे तथा सभी बरे समय पर पाठ्यपुस्तकें और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत, "एक पेड़ माँ के नाम" और "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत व्यापक पौधारोपण तथा सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के भी निर्देश दिए।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर, आषाढ़ा कृष्ण पक्ष ,3-2083 सीहोर,दिन दिन शुक्रवार,दिनांक 03 जुलाई

न्यूज गैलरी

वर्षा ऋतु में जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु किया जा रहा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन

सीहोर। वर्षा ऋतु के दौरान पेयजल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले के विकासखंड सीहोर में 1397, इछावर में 827, आष्टा में 1088, बुदनी में 69 एवं भैरूंदा के 256 हैण्डपम्पों में क्लोरिनेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष हैण्डपम्पों में क्लोरिनेशन का कार्य सतत रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी फिक्सिंग्स में दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों की शिकायतें प्राप्त न हो, इसके लिए विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्रियों और मैदानी अमले द्वारा लगातार ग्रामों का भ्रमण किया जा रहा है। इसके साथ ही जल नमूने एकत्रित कर पेयजल स्त्रोतों के जल परीक्षण का कार्य भी उपलब्धीय प्रयोगशालाओं एवं जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला में निर्धारित रूप से किया जा रहा है।

जिले के 06 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर। एनएचएमएस दिल्ली द्वारा जिले के अहमदपुर, श्यामपुर, रुन्देला, रातमिलिया, गोलुखेड़ी और हाबलाखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया है। उल्लेखनीय है राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया था। टीम द्वारा केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेवाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार तेलरेजा ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रही हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

'विद्यार्थियों ने अस्पताल का किया शैक्षणिक भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

रेहटी। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर संस्कार एकेडमी ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों को रेहटी शासकीय अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। डॉ. अविन दायमा और डॉ. रामनाथ सुलिया ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, डिसिप्लिन बीमारियों, उनके बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और अस्पताल की सेवाओं को करीब से समझा।

"खाद, सिंचाई और बिजली समस्याओं को लेकर किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आष्टा। भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी स्थित कृषक विश्रामगृह में आयोजित हुई। बैठक में खाद वितरण, नर्मदा सिंचाई परियोजना, मुख्यमंत्री किसान उत्थान सम्मान निधि की लंबित किस्तों तथा बिजली संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद किसान संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किठार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में खाद वितरण में पारदर्शिता, नर्मदा सिंचाई परियोजना के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, बिजली आपूर्ति में सुधार और किसानों को समय पर मुआवजा देने की मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान लगातार समस्याओं से जूझ रहे हैं और प्रशासन से समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। एसडीएम ने ज्ञापन को गंभीरता से लेने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मानसून जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है, गुरुवार को हुई तेज बारिश

मानसून ने पकड़ी रफ्तार, सीहोर में बारिश से सड़कें डूबीं और वाहन फंसे

डीआर संवाददाता»» दोराहा

जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा और कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बाधित गई। इछावर क्षेत्र में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि भंवरी गांव, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बोरसी क्षेत्र में जलभराव, कीचड़ और पेड़ गिरने की घटनाओं से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

चंदेरी गांव के मुख्य मार्ग पर बारिश के कारण सड़क दलदल में बदल गई, जिससे एक भारी ट्रक बीच रास्ते में फंस गया। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और घंटों तक यातायात बाधित रहा। वहीं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की कच्ची सड़कों पर जलभराव और कीचड़ के कारण एक वाहन फंस गया, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ।

चंदेरी क्षेत्र में तेज बारिश

और हवा के चलते मुख्य सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई।

मौसम विभाग के अनुसार अंचल में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय है और अगले कुछ दिनों तक जिले में गरज-चमक के साथ हल्की से तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। शुक्रवार को सीहोर सहित अशरफाबाद जिलों में भी बारिश और तेज हवाओं का प्रभाव रहा। यह मानसून का पहला बड़ा झटका माना जा रहा है, जिसने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

सीहोर सहित 19 जिलों में हैवी रेन का अनुमान

राज्य केंद्र भोपाल के मुताबिक, आज पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। शुक्रवार को छतरपुर और इन्दौर में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है जबकि सागर, बड़वानी, खरगोन, देवास, बुरहानपुर और बैतूल में अति भारी बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में यहां 4 से 8 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है।

उमरिया, शहडोल, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, नरसिंहपुर, शिवपुरी, पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में भारी बारिश का अनुमान है। अशोकनगर, टीकमगढ़, मैहर, पन्ना, सतना, रीवा, गुना, गुजरात, रीवी, जबलपुर, सिंगरौली, सैहर, उमरिया, कटनी, शहडोल और मंडला में भी आंधी-बारिश जारी रहेगी।

मंडी भाव, गेहूं शरबती 4,660 और लहसुन 20,400 प्रति क्विंटल तक पहुंचा

डीआर संवाददाता»» सीहोर

कृषि उपज मंडी समिति, सीहोर द्वारा जारी दैनिक मंडी भाव के अनुसार 02 जुलाई 2026 को मंडी में कुल 12,806 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। दिनभर हुई नीलामी में गेहूं, शरबती, मक्का और लहसुन के भाव मजबूत रहे, जबकि सोयाबीन, चना और अन्य प्रमुख फसलों के दाम स्थिर बने रहे।

मंडी में 'गेहूं शरबती' का न्यूनतम भाव '3,125', अधिकतम '4,660' और मॉडल भाव '4,470 प्रति क्विंटल' दर्ज किया गया। 'लहसुन' ने भी किसानों को अच्छे दाम दिलाए। इसका अधिकतम भाव '20,400 प्रति क्विंटल' रहा, जबकि मॉडल भाव '9,200 प्रति क्विंटल' दर्ज किया गया। वहीं 'धनिया' अधिकतम '15,002' और मॉडल भाव '14,901 प्रति क्विंटल' पर बिका।

अन्य फसलों में 'सोयाबीन पीला' 2,600 से 2,901, 'चना जात' 2,424 से 52,667, 'चना सफेद' 5,051 से 5,651, 'तुअर (अरहर)' 5,130 से 5,650, 'मूंग' 4,500 से 6,723, 'मसूर' 5,025 से 7,341 तथा 'मक्का' 5,000 से 6,000 प्रति क्विंटल के बीच बिका। 'सरसोंबाई' का भाव 5,500 प्रति क्विंटल स्थिर रहा, जबकि 'प्याज' 400 से 2,651 प्रति क्विंटल तक बिका।

मंडी समिति के अनुसार आज 'उड़द की आवक शून्य (शून्य)' रही। अधिकारियों ने बताया कि फसलों की गुणवत्ता, नमी और किस्म के आधार पर वास्तविक बिक्री भाव में अंतर संभव है। किसानों को उपज बेचने से पहले ताजा मंडी भाव की जानकारी लेकर ही मंडी पहुंचने की सलाह दी गई है।

सीहोर बाइज ने आरएसआई को 4-3 से हराया

डीआर संवाददाता»» सीहोर

शहर के बर्थ मैदान पर खिलाड़ियों को मैच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जूनियर वर्ग के शानदार मुकाबले में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 4-3 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच में सीनियर वर्ग में

सीहोर क्लब ने सीहोर एगजी क्लब को 5-3 के अंतर से हराया।गुरुवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज और आरएसआई के बीच मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आकिब ने 2 गोल, बुकरात अंसारी ने 1-1 गोल किया। इधर आरएसआई की ओर से ध्रुव, गर्वित और शार्थक ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब और सीहोर एगजी क्लब के बीच एक तरफा मुकाबला खेला गया था, जिसमें सीहोर क्लब की ओर से ध्रुव ने 2 गोल, सुमन, पुष्प और विक्रम ने 1-1 गोल किया।

गायत्री विद्या मंदिर हाई सेकंडरी स्कूल विद्यार्थियों में उत्सह

डीआर संवाददाता»» जरनल

नए शिक्षण सत्र के दौरान जरनल अहमदपुर क्षेत्र का जरनल स्थित गायत्री विद्या मंदिर हाई सेकंडरी स्कूल में पढ़ाने वाले छात्र छात्राओं में उत्सह देखा जा रहा है। 22 जून से जो शिक्षक सत्र के पहले दिन विद्यालय के संस्था के संस्थापक राजेंद्र गौर व सेक्रेटरी डॉक्टर आजाद गौर व प्राचार्य अजय रोहाणी ने उपस्थित विद्यार्थियों को

तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

नए सत्र के पहले दिन बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालयों में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच बच्चों ने नई कक्षाओं और उत्साह के साथ अपनी पढ़ाई की शुरुआत की। गायत्री विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल के संस्थापक राजेंद्र गौर ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं! स्कूल के पहले दिन सभी पुराने और नए दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत कर उनका हौसला बढ़ाया।

ब्ल्यू बर्ड एकेडमी हाई स्कूल में तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत

डीआर संवाददाता»» चरनाल

बुधवार से नए शिक्षण सत्र के दौरान चरनाल क्षेत्र के सांकला चौक चौकी स्थित ब्लू बर्ड एकेडमी स्कूल में विद्यार्थियों का स्कूल परिवार ने तिलक लगाकर स्वागत किया। ब्लू बर्ड एकेडमी हाई स्कूल प्रचार्या प्रिया अभिषेक सक्सेना और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नए शिक्षण सत्र की कार्यक्रम का सुझाव दिया।

इस दौरान ब्लू बर्ड एकेडमी हाई स्कूल स्कूल प्रचार्या प्रिया अभिषेक सक्सेना ने बताया विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण, संस्कार की कार्यप्रणाली तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराना है। इस दौरान उपस्थापक अभिषेक सक्सेना, शिक्षक राहुल साहू, संजय सोलंकी, शशी साहू, वंदना शर्मा, नीतू साहू सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

सत्र का मां सरस्वती की आरती, तिलक और पुष्पवर्षा से हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

डीआर संवाददाता»» चरनाल

नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत में सरदार पटेल हाई सेकंडरी स्कूल चरनाल के बच्चों और अभिभावकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। खासतौर से अभिभावक अधिक उत्साहित नजर आए, जिन्होंने बच्चों पहली बार स्कूल भेजा। वहीं अभिभावक निर्धारित समय से पहले ही बच्चों को लेकर विद्यालय से गुलाब फूल पर पहुंच गए है नए सत्र के पहले दिन स्कूलों में सरदार पटेल हाई सेकंडरी स्कूल के संस्थापक राजेंद्र गौर, , प्रचार्य राकेश सिंह गौर, , शिक्षक महेंद्र सिंह लोधर चंद्रभान सिंह, मोनाका कुशवाह अशोक यादव मिहु, साहिल, कमल सिंह गौरा, ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पों की वर्षा छात्रों का शिक्षक तिलक लगाकर कुछ खुशी की। विद्यालय के संस्थापक राजेंद्र गौर ने सभी अभिभावकों से बच्चों को निश्चित रूप से स्कूल भेजने और शिक्षा के प्रति जागरूक करने

भगवान परशुराम शिव धनुष को खंडित देखकर काफी क्रोधित,

डीआर संवाददाता»» सीहोर

क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रयागराज से उज्जैन के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह स्वामी मंदिर में श्री रामचन्द्र रामलीला मंडल के तत्वाधान में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। लीलाओं का मंच मंचन हुआ। दृश्य-दृश्य प्रसंग में भावपूर्ण संवाद और बेहतरीन अभिनय से कलाकारों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस मौके पर आयोजक से आई राम बारात का मंदिर के रास गंधर्ववास महाराज, रामलीला के महंत कृष्णा शर्मा, संचालक मंच के संचालक चितेन्द्र तिवारी, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, अक्षुभ गुप्ता आदि ने आतिशबाजी कर स्वागत किया।

देर रात्रि को आयोजित रामलीला में मिथिला नरेश राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य राज्यों के राजकुमारों राजाओं को आमंत्रित किया गया। सभा में स्वयंवर के लिए निर्धारित शर्त को बताया गया। स्वयंवर की शर्तानुसार कोई भी राजा शिव धनुष का खिल्ला नहीं उठा सका। अंत में गुरु विश्वामित्र के कहने पर श्री राम द्वारा शिव धनुष का खिल्ला उठाकर सीता से विवाह किया। इस दृश्य के बीच में लक्ष्मण का संवाद का आयोजन किया, अयोध्या नरेश बारात सहित मिथलापुरी में पहुंचे। स्वयंवर स्थल पर पहुंचे भगवान परशुराम शिव धनुष को खंडित देखकर काफी क्रोधित होते हैं। बाद में राम अवतार की सच्चाई जानकर वन में चले जाते हैं। अयोध्या से बरात आने के बाद जनकपुर में राम और सीता का विवाह संपन्न होता है।

प्रभु श्री राम की लीलाओं पर

जागरूकता व्यापारियों के साथ नागरिकों को डिजिटल ठगी से बचने के आष्टा पुलिस ने दिए टिप्स

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में संचालित किया अभियान।

डीआर संवाददाता»» आष्टा

साइबर अपराधों पर नकेल कसने और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में गुरुवार को आष्टा में विशेष जागरूकता परिवर्तन आयोजित किया गया। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

प्रमुख स्थानों पर हुआ जन-संवाद

कार्यक्रम के तहत आष्टा के इंडियन पेट्रोल पंप (गंगा बस स्टैंड) और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में एसडीओपी दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी गिरीश दुबे, उपनिरीक्षक विक्रम सिंह राजपूत एवं अन्य स्टाफ ने हिस्सा लिया।

साइबर ठगी से बचाव के लिए पुलिस की महत्वपूर्ण सलाह

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को निम्नलिखित बिंदुओं के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। गोपनीयता वाले जैसे बैंक, पुलिस या कूरियर सेवा का नाम लेकर आने वाले कॉल पर कभी भी अपना ओटीपी, पासवर्ड या सीवीवी साझा न करें। किसी भी प्रकार के अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही एनीडेस्क या टीम वीयर जैसे एप डाउनलोड करें, क्योंकि इनसे फोन हैक होने का खतरा रहता है। रॉंग कॉल अलर्ट है हल्ला पुलिस ईडी या सीबीआई कभी भी वीडियो कॉल के जरिए नियमावली नहीं करती है, अतः ऐसे फर्जी कॉल्स से बिल्कुल न डरें। घर बैठे कमाई या ज्यादा मुनाफे वाले इन्वेस्टमेंट टास्क फ्रॉड के लुभावने प्रस्तावों और ऐसे व्हाट्सएप्पटेलीग्राम सुपा से दूर रहें।

तिलक और पुष्पवर्षा से हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

डीआर संवाददाता»» आष्टा

गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। होली विजन एकेडमी हाई स्कूल छतरपुरा जोड़ में छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर बीएस गौर, ने कहा कि बच्चों का आत्मीय स्वागत विद्यालय के प्रति उनके लगाव आत्मविश्वास और पढ़ाई के प्रति रुचि को बढ़ाता है।इस अवसर पर एएस ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

418 पाव अवैध शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

विदिशा। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 418 पाव (75.24 लीटर) अवैध देशी मदिरा सहित जब्त की। आबकारी उपनिरीक्षक संजय इनने के नेतृत्व में दुर्गानगर चौराहा स्थित रेलवे ब्रीज के पीछे एक मकान पर छापेमारी के दौरान आरोपी राहुल प्रजापति (20), निवासी सोनासेवड़ा के कब्जे से शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शिविर में किया रक्तदान छात्रों को सामग्री बांटी

विदिशा। कालीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर कृषि व्यवसायिक शाखा एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय ने रक्तदान शिविर आयोजित किया और शासकीय माध्यमिक शाला लोहागी क्रमांक 1 के छात्रों को अध्ययन सामग्री बांटी। शिविर में बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों ने रक्तदान किया। क्षेत्रीय प्रबंधक वीरपाल कुमार राय, एलडीएम भगवान सिंह बघेल, मुख्य प्रबंधक रंजीत कुमार, दिलीप चौरसिया, मानव संसाधन प्रबंधक अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विदिशा के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित

विदिशा। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने शिवपुरी से मुख्यमंत्री जनकल्याण (लाडली) 20 योजना के तहत 16,754 श्रमिक परिवारों को 365 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का ई-हस्तांतरण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विदिशा के एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में देखा गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार ठाकोर ने पत्र हितग्राहियों को ई-भुगतान आदेश के स्वीकृति पत्र दिए गए।

44 वर्षों की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान

ग्यारसपुर। शिक्षा क्षेत्र में सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक भंवरलाल लोधी का सम्मान किया गया। कुशवाह महासभा ने नगर के कुशवाह विद्यालय में पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने कहा कि श्री लोधी ने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, निष्ठा और विद्यार्थियों के हित को प्राथमिकता रखा। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

प्रतिभा योजनाः छात्रों को 50 हजार तक प्रोत्साहन

विदिशा। अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईआईटी, एम्स, एनीटर व एनएलआईयू में प्रवेश पर 50 हजार, जबकि एनआईटी, शासकीय मेडिकल कॉलेज, एनआईएफटी, एफडीडीआई व आईआईएफएम में प्रवेश पर 25 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

आरसेटी विदिशा में छह स्वरोजगार प्रशिक्षण शुरू

विदिशा। एसबीआई आरसेटी द्वारा जुलाई में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं किसानों के लिए छह स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इनमें सिलाई, डेयरी फार्मिंग, लिक्विड जेलनी निर्माण, सब्जी उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन तथा औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती शामिल है।

हादसा : गोपालनगर की माध्यमिक स्कूल भवन की छत का प्लास्टर गिरा

मध्याह्न भोजन के दौरान प्लास्टर, तीन छात्राएं हुई घायल, एक गंभीर

डीआर संवाददाता ✉ सिरोंज

एकीकृत माध्यमिक शाला गोपालनगर में मध्याह्न भोजन के दौरान हुआ हादसा, घायल छात्रा विदिशा रेफर

एकीकृत माध्यमिक शाला गोपालनगर में मध्याह्न भोजन कर रहे बच्चों पर स्कूल की छत का प्लास्टर गिर गया। हादसे में 3 छात्राएं घायल हुई हैं। एक के सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार सिरोंज में हुआ। उसे सीटी स्कैन के लिए विदिशा भेजा गया है। गोपालनगर स्कूल में तीन शिक्षक पदस्थ हैं। स्कूल के प्रभारी जनक खेस्स कुशवर को स्कूल आए। हस्ताक्षर किए। वापस लौट गए। दूसरे शिक्षक बगवानदास बैरागी बीआरसी कार्यालय में किताबें लेने के लिए सिरोंज में ही रुके हुए थे।

स्कूल में केवल प्राथमिक शिक्षिका अपेक्षा शर्मा मौजूद थीं। वे ही पहली से आठवीं तक की कक्षाओं की व्यवस्था संभाल रही थीं। दोपहर एक बजे जब मध्याह्न भोजन का समय हुआ तो उन्होंने प्राथमिक बच्चों को एक ही कक्ष में भोजन के लिए बैठा दिया। भोजन के दौरान ही छत के एक हिस्से का प्लास्टर बच्चों पर गिर गया। शिक्षिका मीनाक्षी पटेरिया तो सकुशल बची थीं। पहली कक्षा की छात्रा लक्ष्मांशी अहिरवार मलबे में दबी थी। पोटरासा सावी छात्रा सिर और शिकायती मलबा हटा रही थीं। मलबा हटा तो लक्ष्मांशी के सिर से खून बह रहा था। शिक्षिका ने परिजन को बुलाया। उसे इलाज के लिए सिरोंज रवाना कर दिया।

एसडीएम ने इलाज के लिए भेजा विदिशा

जानकारी लगने पर शाजापुर 112 की मोबाई पर पहुंची। तब तक परिजन बच्चे को लेकर सिरोंज रवाना हो गए थे। उन्होंने सिक्स सेकंड पर स्थित प्राइवेट अस्पताल में लक्ष्मांशी को भर्ती करवाया। यहां स्कूल के दोनों शिक्षक पहुंचे। इलाज शुरू किया। घायल लौट गए। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बच्ची को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत बच्चों को रोटी स्कीन के लिए विदिशा भेजने की हिदायत दी। शाम 5 बजे बच्ची को एंबुलेंस से विदिशा भेजा गया।

कंटनजेंसी में मिलने वाले 50 हजार से होती है केवल पुताई

हम जांच करवा रहे हैं

घटना की जानकारी लगते ही मैं खुद छात्रा से मिलने अस्पताल पहुंचा। जानकारी ले भी जांच के लिए स्कूल भेजा। स्कूल को मरम्मत आदि कार्य के लिए हर साल 50 हजार रुपए मिलते हैं। इसके उपयोग और घटना की हम जांच करवा रहे हैं।

जितेन्द्र श्रीवास्तव, बीआरसी सिरोंज।

दोपहर 3.30 बजे सारे शिक्षक और 4 बजे छुट्टी जनजीवन। गोपालनगर स्कूल शहर से 15 किमी दूर है। यहां शिक्षिका अपेक्षा शर्मा बैठी थीं। देखकर मौके पर शामिल जमा हो गए। हादसे में छात्रा सिंह और शिकायती भी घायल हुई थीं। उन्होंने अपनी चोटें बताई। मामला से पता से बीआरसी को अवगत कराया। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे एक शिक्षक पहुंचे। 4 बजे जनजीवन स्वरीय राजपूत स्कूल पहुंचे।

हृदय रोग से पीड़ित अवनी को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से अहमदाबाद भेजा

डीआर संवाददाता ✉ गंजबासौदा

गंभीर हृदय रोग से जूझ रही विकासखंड के ग्राम लोंवा निवासी ढाई माह की मासूम अवनी को समय पर बेहतर उपचार दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने संवेदनशील पहल करते हुए पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का लाभ दिलाया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वित प्रयासों से कुवार को बच्ची को भोपाल से एयर एम्बुलेंस के जरिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित सुपर, स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर भेजा गया।

यहां उसका आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क उपचार होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रयासों से यह पूरी प्रक्रिया त्वरित रूप से पूरी की गई। अवनी के पिता वीरू कुशवाह 29 जून को उपचार संबंधी सहायता के लिए जिला सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे थे। यहां सीएमएचओ डॉ. आरती खत्री, पैडमेडिकल स्टाफ नरेंद्र डांगी, वाहन चालक गुलीन खान बच्ची व उसके माता-पिता को सुरक्षित रूप से भोपाल विमानतल, भोपाल लेकर पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद एयर एम्बुलेंस से बच्ची को अहमदाबाद रवाना किया गया।

पंजीयन कराया। चिकित्सकीय दस्तावेजों की जांच करवाई। प्रदेश में स्थापित हुआ कि बच्ची को तत्काल उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा की आवश्यकता है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने वरिष्ठ स्तर पर समन्वय स्थापित कर पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा की स्वीकृति दिलाई। शुक्रवार को आरबीएसके चिकित्सक डॉ. आरती खत्री, पैडमेडिकल स्टाफ नरेंद्र डांगी, वाहन चालक गुलीन खान बच्ची व उसके माता-पिता को सुरक्षित रवाना भोज विमानतल, भोपाल लेकर पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद एयर एम्बुलेंस से बच्ची को अहमदाबाद रवाना किया गया।

नए पोल लगाने से 9 से 2 बजे तक बिजली बंद

विदिशा गुरुवार को 33 केवी एमटीसी फीडर पर नवीन विद्युत पोल की स्थापना होगी। करियाखेड़ा उपकेन्द्र, बी. गल्ला मंडी उपकेन्द्र से बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 02 बजे तक बाधित रहेगी। साथ 220 केवी अहमदपुर रोड उपकेन्द्र से निर्गमित

डेढ़ माह बाद भी नहीं सुलझी करण बंजारा की मौत की गुत्थी, पिता ने जांच पर उठाए सवाल

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा जिले के सिरोंज में 16 वर्षीय करण बंजारा की संदिग्ध मौत का रहस्य घटना के डेढ़ माह बाद भी बरकरार है। करण 11 मई को घर से लापता हुआ था और 16 मई को ग्राम भोरिया की टेकरी पर उसका शव सड़ी-गली हालत में मिला था।

मृतक के पिता मन्ना बंजारा ने पुलिस जांच की धीमी रफ्तार पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

पिता के अनुसार, करण का पड़ोस की एक लड़की से प्रेम संबंध था। परिजनों को इसकी जानकारी होने के बाद दोनों को समझाया गया था। लापता होने के दौरान भी करण अपनी प्रेमिका के संपर्क में था, लेकिन 14 मई के बाद उसका मोबाइल बंद हो गया।

परिजनों का दावा है कि प्रेमिका ने ही करण को बहाने से टेकरी पर होने की जानकारी दी, जिसके बाद शव बरामद हुआ।

मन्ना बंजारा ने प्रेमिका के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की जा चुकी है और कॉल डिटेल की जांचबीन गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। फिलहाल जांच रिपोर्ट का इंतजार है और मामले की जांच जारी है।

राजस्व संबंधी कार्यों की की समीक्षा बैठक 4 को

विदिशा। राजस्व से संबंधित कार्यों की प्रगति और पुराने मामलों की एनीक्षा के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता 4 जुलाई को शुक्रवार 11 बजे कलेक्ट्रेट के बैठक रामाकब्बा में बैठक लेंगे। सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा, प्रगति प्रतिवेदन और जरूरी जानकारी के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अधिकार मामलों, राजस्व अभिलेखों के सत्यापन की प्राथमिकता वाले कार्यों की प्रगति पर चर्चा होगी।

42 साल पढ़ाने वाले शिक्षक ने गुलाब देकर मांगा अपना हक, 6 महीने से लंबित है भुगतान

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा में शिक्षा विभाग में 42 वर्षों तक संविदा शिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. उमेश दत्त बुधा अपने लंबित भुगतान को लेकर गांधीवादी तरीके से सत्याग्रह कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के छह महीने बाद भी ग्रेच्युटी, एरियर और अन्य देयकों का भुगतान नहीं मिलने से नाराज डॉ. बुधा कुवार से कलेक्ट्रेट पहुंचे।

यहां उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को गुलाब के फूल तथा पंपलेट बांटकर अपनी मांगों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

डॉ. बुधा ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी के खिलाफ प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों को उनके दायित्व का अहसास कराना है। उनका आरोप है कि सेवानिवृत्ति के बाद से वे लगातार जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और जिलासंबंध शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सेवानिवृत्त शिक्षक ने चेतावनी दी है कि यदि 6 जुलाई तक उनका लंबित भुगतान नहीं किया गया तो वे आमरण अनशन शुरू करेंगे। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने बताया कि संबंधित भुगतान बीईओ कार्यालय स्तर से किया जाना है। उन्होंने कहा कि अंकित अकाउंट का भुगतान पहले ही किया जा चुका है, जबकि ग्रेच्युटी, एरियर और अन्य लंबित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मोबाइल ऐप से ई-रिक्शा बंद करने का आरोप, युवक पुलिस के हवाले

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

गंजबासौदा में ई-रिक्शा चालकों ने कुरवाई को एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि मूल युवक नंबाहल ऐप की मदद से चलाते ई-रिक्शा की बैटरी सप्लाई बंद कर रहे हैं, जिससे वाहन बीच सड़क में ही एक जा रहे हैं।

मामले की जांच पुलिस कर रही है चालकों का दावा है कि ऐप स्टोर पर उपलब्ध कुछ ऐप्स के जरिए 60 से 100 मीटर की दूरी से ई-रिक्शा के लिंकअप से कनेक्ट होकर बैटरी सप्लाई बंद की जा सकती है। इसके बाद वाहन धोखा चालू नहीं होता और उसे पकड़ा देकर सिस्टम से लॉक कर देते हैं, जिससे सड़क बीच रास्ते में ही एक जा रहे हैं।

एक सवारी ने भी बताया कि ताकीदपूर्ण रूप से ऐसा संभव है। पकड़े गए युवक ने पुलिस को बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर एक रील देखकर ऐप डाउनलोड किया था। पुलिस पूछताछ में यह सामने आया कि यह सेल्फ ट्रिक आजमा रहा था और किसी ई-रिक्शा को नुकसान नहीं पहुंचाया।

वहीं, चालकों का आरोप है कि जिससे एक संगठित ऐप स्टोर सेल्फ ट्रिक आजमा रहा था और किसी ई-रिक्शा को नुकसान नहीं पहुंचाया।

वहीं, चालकों का आरोप है कि जिससे एक संगठित ऐप स्टोर सेल्फ ट्रिक आजमा रहा था और किसी ई-रिक्शा को नुकसान नहीं पहुंचाया।

न्यूज गैलरी

सबल रू 294 हितग्राहियों को मिले 6. 48 करोड़ रुपए

राजगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत विगत जिलक से सहायता राशि जारी की। इसमें राजगढ़ जिले के 294 हितग्राहियों के बैंक खातों में 6.48 करोड़ रुपए अंतरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम एनआईसी सभा, कलेक्टोरेट में आयोजित हुआ, जहां हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष के पति फूलसिंह तंवर, श्रम पदाधिकारी शिव कुमार गुप्ता, श्रम निरीक्षक मनोज कुमार चौहान सहित जनपद पंचायत एवं नगर निकायों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टोरेट में गूंजा राष्ट्रगीत

राजगढ़। जुलाई माह के पहले दिन कलेक्टोरेट सभागार में कलेक्टर डॉ. नितीश कुमार मिश्रा की उपस्थिति में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ कामकाज की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। महाआरती सभा के जालपा माता मंदिर सभा रू चुनाव क्रमा कंज

1 अक्टूबर तक खनन पर रोक लगाई

राजगढ़। जिले की सभी रेत खदानों में 30 जून की मध्यरात्रि से 1 अक्टूबर 2026 तक खनिज रेत के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर डॉ. नितीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्षाकाल के दौरान जिले की किसी भी रेत खदान में उत्खनन नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मानसून अवधि के लिए ये प्रतिबंध लगाया है।

महाविद्यालय में तीन दीक्षारंभ समारोह

सुसनेर। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए मंगलवार से तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर की गई। प्रथम सत्र में डॉ. आदित्य कुमार जैन ने महाविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप संचालित पाठ्यक्रमों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक अलकेश श्रीवास्तव ने नागरिक स्वास्थ्य, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं खेल सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संचालन रामकुमार अंजोरिया एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय प्रभारी ने किया।

सर्पदंश से पीड़ित की झाड़-फूंक में मौत

लखनवास। पातालपानी गांव निवासी 48 वर्षीय सिवराज मीना की सर्पदंश से मौत हो गई। गंगलवार रात घर के बाहर खटिया पर सोते समय जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराई। बुधवार सुबह तबियत बिगड़ने पर उन्हें नरसिंहगढ़ स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश होने पर अंधविश्वास से बचें और बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर इलाज कराएं।

अपील की | पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की

दुर्लभ नोट के बदले 17 लाख का झांसा दिया, साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावर

फेसबुक पर दुर्लभ नोट (5 रुपये का ट्रैक्टर वाला नोट) खरीदने के नाम पर 17 लाख रुपये का लालच देकर एक व्यक्ति से 3.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर ठग को ब्यावर पुलिस ने राजस्थान के डीग्रस-तिजारा से धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3.24 लाख रुपये नगद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

आलसुवा की दहलीज से लौटा पीड़ित

पुलिस के अनुसार, आलसुवा निवासी अमित राजपूत इस ठगी के बाद मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था। उसकी जमा-पूंजी ठगों ने हड़प ली थी। हताशा में वह जान देने के इरादे से घटनास्थल पर पहुंच गया था, लेकिन तभी ग्रामीण बलवंत सिंह सौंखिया ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे समझाया और अनहोनी होने से बचा लिया।

पुलिस की मुस्तैदी से खुला राज

घटना के बाद थाना ब्यावर शहर में अपराध क्रमांक 451/2026 दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से राजस्थान के मटोरे गांव के निवासी जुबेर खान (28) को चिह्नित किया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आमजन से अपील

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले लॉटरी, इनाम, या दुर्लभ नोटों की खरीद-बिक्री के झांसे बैंक विवरण या गोपनीय कोड साझा न करें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। मैं न अए। किसी भी अनजान व्यक्ति से अपने

ये रहे कार्रवाई में शामिल

इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी विक्रमजीत सिंह चौहान, साइबर प्रभारी जितेन्द्र अजनारे, उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा सहित पुलिस टीम ने समन्वयपूर्ण कार्य किया।

कोर्ट से कब्जा मिला, फिर भी जमीन पर खेती नहीं कर पा रही महिलाये

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

राजगढ़। राजगढ़ जिले के छापीहेड़ा क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह सात साल की कानूनी लड़ाई जीतने और न्यायालय से जमीन का कब्जा मिलने के बावजूद वह अपनी पुश्तैनी भूमि पर खेती नहीं कर पा रही है। महिला ने जिला प्रशासन से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

छापीहेड़ा वार्ड क्रमांक-5 निवासी रेखा शर्मा के अनुसार, कांकरिया रोड स्थित उनकी 13 बीघा कृषि भूमि को लेकर वर्ष 2020 से न्यायालय में विवाद चल रहा था। मामला खिलचीपुर न्यायालय से होते हुए राजगढ़ न्यायालय और इंदौर हाईकोर्ट तक पहुंचा, जहां फैसला उनके पक्ष में आया। इसके बाद 9 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने उन्हें जमीन का कब्जा भी दिला दिया।

महिला का आरोप है कि कब्जा मिलने के बाद भी कुछ लोग उन्हें खेत में खेती नहीं करने दे रहे हैं। 14 जून को वह बेटे लखन के साथ खेत पर पहुंचीं तो अमित कंजर, बलराम कंजर, राम कंजर, कमल कंजर और अविनाश कंजर सहित अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट कर खेत से भगा दिया। रेखा शर्मा ने बताया कि उन्होंने 22 जून को छापीहेड़ा थाने में शिकायत भी की थी। पुलिस के कहने पर 24 जून को न्यायालय से स्टे आदेश भी प्रस्तुत किया, लेकिन इसके बावजूद दोबारा विवाद हुआ। उनका आरोप है कि आरोपियों ने उनके बेटे का मोबाइल भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी।

छापीहेड़ा थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि महिला की शिकायत मिली है। न्यायालय का फैसला उनके पक्ष में है और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में उन्हें सुरक्षित रूप से खेत में बुआई कराई जाएगी।

माहेश्वरी महिला मंडल ने किया पौधरोपण

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

माहेश्वरी महिला मंडल सारंगपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की पदाधिकारियों एवं समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष कमल सावनी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित रहना नहीं चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल, समय पर सिंचाई और सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने की जिम्मेदारी भी

लगी को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाकर हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण एवं जीवनदायी छांव का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पर्यावरण संरक्षण के इस जन-जागरूकता अभियान से जुड़ने और प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान देने की अपील की।

वित्तीय अनियमितता पड़ गई भारी. सरपंच 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकेंगे

जिपं की कार्रवाई, सुल्तानिया सरपंच को पद से हटाया, दो से होगी वसूली

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में जिला पंचायत ने तीन सरपंचों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें आगामी छह सालों के लिए पंचायत चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया है

इनमें एक सरपंच सुल्तानिया के सरपंच जितेंद्र हाथिया को पद से भी पृथक कर दिया गया है, जबकि दो अन्य सरपंचों पर वित्तीय अनियमितता के मामलों में वसूली अधिरोपित की गई है। कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी डॉ.

अभिनिग्रह के तहत की है। इसिका गढ़घाले ने कथ्यादेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज

ग्राम पंचायत सुल्तानिया के सरपंच जितेंद्र मालवीय के विरुद्ध धारा-40 के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपों का संतोषजनक खंडन प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद उन्हें सरपंच पद से पृथक करते हुए छह वर्ष के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया।

वहीं जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत तलवली के सरपंच

सूरज सिंह यादव के खिलाफ धारा-69 के के तहत वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर वसूली अधिरोपित करते हुए छह वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत में नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत झालदा एसओपी एवं संबंधित योजना मद में करीब 1.60 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर संबंधित राशि की वसूली कर सरपंच को भी आगामी छह वर्षों के लिए अयोग्य घोषित किया

कचरे के ढेर पर सिस्टम, नालियां चोक और आवारा मवेशी खा रहे प्लास्टिक

डीआर संवाददाता ✉ ब्यावरा

जिले के ब्यावरा शहर में स्वच्छ भारत अभियान के बड़े-बड़े दावों के बीच शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। नगर पालिका के तमाम दावे जमीनी हकीकत के आगे दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों में फैली गंदगी ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुश्किल कर दिया है।

सूखी गली में नालियां चोक, दुकानों के सामने नालियों में भरा कचरा

यही नहीं सुल्तानिया रोड की प्रसिद्ध चूड़ी गली में भी नगर पालिका की घोर लापरवाही उजागर हुई है। यहाँ दुकानों के ठीक सामने नालियां कचरे से पूरी तरह भरी पड़ी हैं। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी और कचरा सड़कों पर आ रहा है जिससे उठने वाली सड़ान और बदबू के मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ गया है। इस समय राहगीरों को जाम बढ़ता देखने को मिल रही है जहां नदनी का अंबार लगा हुआ है। यही सब्जी मंडी का हाल भी इससे जुदा नहीं है। मंडी में कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग चुके हैं। विडंबना देखिए कि इन कचरे के ढेरों में मुंह मारते आवारा गायें एक ऐसी जहरीली सच्चाई हैं जो गीले-सूखे कचरे के साथ जहरीली प्लास्टिक खाने को मजबूर हैं। इससे न केवल महानगरी का खतरा बढ़ रहा है बल्कि मवेशियों की जान पर भी खतरा आई है। सुल्तानिया रोड पर ही मालवी के ऊपर लगी एक लोहे की जाली लंबे समय से टूटी पड़ी है। मुख्य मार्ग पर बीचों-बीच टूटी जाली की वजह से आए दिन राहगीर और दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खासकर रात के अंधेरे में यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए यह लापरवाही किसी बड़े हादसे के न्यौते जैसी नजर आती है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

छात्रा का पीछा कर परेशान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✉ सारंगपुर

नगर की एक कॉलेज छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने पीछा कर परेशान करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सारंगपुर निवासी एक छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह एक कॉलेज की छात्रा है। रिजवान नामक युवक लंबे समय से उसका पीछा कर रहा था और लगातार परेशान करने जा प्रयास कर उसे परेशान कर रहा था। छात्रा का आरोप है कि उसने कई बार युवक को स्पष्ट रूप से बातचीत न करने और उसका पीछा न करने के लिए कहा, इसके बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं। शिकायत में छात्रा ने बताया कि 29 जून को वह दुकान को सामान के संदेश से उसके किराए के कमरे पर गई थी। इसके बाद उसने परिजनों को पूरी जानकारी दी और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

बुजुर्ग को निकाला | पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

डीआर संवाददाता ✉ नागमाचलपुर

एक सहारा बनने के लिए गोद लिए गए पुत्र ने ही जब कसाई का रूप ले लिया, तो बेसहारा बुजुर्ग दंपती की दुनिया उजड़ गई। नगर के नाना बाजार निवासी 74 वर्षीय वहीद शाह और उनकी पत्नी ने जन्मा की इस समय दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। आरोप है कि उनके दत्तक पुत्र ने उन्हें घर से बाहर निकालकर प्रधानमंत्री आवास में ताला जड़ दिया है।

क्या है पूरा मामला?

फरियादी वहीद शाह ने पड़ोसी मुस्लिम हुसैन के साथ ता नागमाचलपुर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि निःसंतान होने के कारण उन्होंने शरीफ एक साल पहले शरीफ पिता अहमद (निवासी सोएत) को दत्तक पुत्र के रूप में अपनाया था। वहीद शाह का आरोप आरोप है कि शरीफ व अहमद और उसकी पत्नी शब्बो भी उन्हें लगातार गालियां देते हैं और जान से मारने की धमकी देकर घर से बेदखल कर दिया है।

प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन बुजुर्ग दंपती को न्याय आज भी दूर की कौड़ी बना हुआ है। इससे पहले, बुजुर्गों ने उप तहसील कार्यालय में भी शिकायत की थी। 15 जून को करखा पटवारी नेहरूल दांगी, वार्ड प्रभारी आकिब रुखोती और नगर परिषद के अधिकारियों की मौजूदगी में एक पंचनामा बनाया गया था। उस समय शरीफ खानेको पर के दौरान दूसरे दिल पर खाली करने का वादा किया था, लेकिन यह वादा केवल कागजों तक ही सीमित रहा। तब से बुजुर्ग दंपती न्याय के लिए संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

दुखद बात है कि इस नाजीर मामले में प्रशासन का रवैया अत्यंत संवेदनहीन बना हुआ है। जब इस विषय में जानकारी लेने के लिए नागमाचल तहसीलदार सचिन शर्मा और खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन से संपर्क किया गया, तो उनके द्वारा कोई रिस्पांस नहीं किया गया। वहीं जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

इनका कहना है .

हमने इसका संज्ञान ले कर लिया जिन पक्षकारों में मामला दर्ज किया उनसे लेटिस देना चाहा है अब आगे तहसील का मामला है। नागमाचल थाना प्रभारी आकिब खोखी नगर परिषद का काम प्रशासनिकी आवास बनाने तक है पक्षकारों के कारण हमारे कर्मचारी चले गए पर कोई विवाद है तो वह थाने का मामला है।

देवेंद्र कटारा मुख्य नगर परिषद अधिकारी सारंगपुर

सड़क ठेकेदार से वसूली, कार्रवाई नहीं हुई तो सीएमओ निलंबित होंगे

डीआर संवाददाता ✉ राजगढ़

समय-सीमा पर्दों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. नितीश कुमार मिश्रा ने विकास कार्यों की गुणवत्ता और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया। खिलचीपुर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीरता जताते हुए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि अगली समय-सीमा बैठक तक संबंधित ठेकेदार से घटिया निर्माण की नियमानुसार वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर सीएमओ के निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पीएम्एचएम्वाई योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप आवेदन नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि लक्ष्य पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के वेतन रोकने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में खाद वितरण, बाल योजना सम्बल योजना, वृहद पौधरोपण अभियान, आंगनवाड़ी केंद्रों में सोलर लाइट स्थापना तथा ई-ऑफिस के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। समय-सीमा से बाहर लंबित आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर चार अधिकारियों पर 500-500 रुपए का जुर्माना लगाया गया तथा सर्कल फोटोग्राफ पर कम उपस्थिति और बैठक से अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।